**परियोजना का नाम :— जनपद देहरादून के विकासखण्ड विकासनगर के अन्तर्गत ग्राम पपडियान, तौलीभूड, लांघा, ग्राम पष्टा के लोअर पीपलसार एवं अपर रूद्रपुर ग्रामों की स्प्रिंकलर आधारित लिफ्ट सिंचाई योजना**

## प्रतिवेदन

### (परियोजना के सम्बन्ध में संक्षिप्त विवरण)

जनपद देहरादून के विकासखण्ड विकासनगर के अन्तर्गत ग्राम पपडियान, तौलीभूड, लांघा, ग्राम पष्टा के लोअर पीपलसार एवं अपर रूद्रपुर ग्रामों की स्प्रिंकलर आधारित लिफ्ट सिंचाई योजना निर्माण की स्वीकृति नाबार्ड लेखा मद में पत्रांक 2312/RIDF-XXIII (Uttarakhand), 167$^{th}$ PSC-03.11.2017/2017-18 दिनांक 09.11.2017 द्वारा प्राप्त हुई है। इस योजना का पानी का स्त्रोत कटापत्थर नहर से है। इस योजना का कमाण्ड क्षेत्र कुल 423.0 हैक्टेयर है। जिसकी वार्षिक प्रस्तावित सींच खरीफ 254.0 है0 रबी 359.0 है0 एवं जायद 190.0 है0 अर्थात कुल 803.0 हैक्टेयर है। इस योजना की कटापत्थर नहर से ग्राम पपडियान, लांघा एवं पष्टा के लोअर पीपलसार क्षेत्र तक मुख्य डिलेवरी पाईप लाईन की लम्बाई लगभग 12.00 किमी0 प्रस्तावित है। इस योजना की मुख्य डिलेवरी पाईप लाईन श्री जगत सिंह, श्री सरदार सिंह, श्री चतर सिंह, निवासी ग्राम चीलियों के खेत की सीमा से नरो खड्ड के बाये किनारे लगभग 800.0 मीटर तथा विकासनगर बडकोट मोटर मार्ग के कि0मी0 12 से कि0मी0 13 के मध्य स्थित मोटर पुल के नीचे 100.0 मीटर नरो खड्ड को पार करने हेतु बिछाया जाना प्रस्तावित है, अर्थात् नरो खड्ड में डिलेवरी पाईप लाईन की कुल प्रस्तावित लम्बाई लगभग 900.0 मीटर है, जिसका कुल क्षेत्रफल **900.0 x 2.00 = 1800.0 वर्ग मीटर अथवा 0.18 है0,** का वन भूमि हस्तान्तरण प्रस्ताव प्रस्तावित किया गया है। यह भूमि कालसी भूमि संरक्षण वन प्रभाग कालसी के क्षेत्र में आती है, तथा शेष 0.67 है0, नाप भूमि ग्राम पंचायत. पपड़ियान, तौली,लांघा, एवं ग्राम पष्टा के लोअर पीपलसार ग्रामों, की है।

प्रभागीय वनाधिकारी
कालसी भू0सं0 वन प्रभाग
कालसी।

ह0 एवं मुहर प्रभागीय वनाधिकारी
कालसी भू0स0 वन प्रभाग, कालसी

अधिशासी अभियन्ता
नलकूप खण्ड, देहरादून